हिंदी दैनिक खबर
हर पल, हमारी खबर
# केशववाणी

**अनमोल वचन**
परेशान नही होता लोगों की बातों से, क्योंकि मैं जानता हूं, कुछ लोग सिर्फ बकवास करने के लिए पैदा होते हैं। सोचने से कहां मिलते हैं तमन्नाओं के शहर,चलना भी जरूरी है मंजिल को पाने के लिए ।

गुरुवार 12 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 137 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com

## डीआईईटी नूरसराय में 125 प्रशिक्षुओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम, डीएलएड सत्र 2025–27 का शुभारंभ

*रानी सिन्हा की रिपोट।*

केशववाणी । नूरसराय (नालंदा)। शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय (डायट) नूरसराय में सत्र 2025–27 में नामांकित कुल 125 प्रशिक्षुओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी के साथ दो वर्षीय डीएलएड प्रशिक्षण सत्र का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य शहनवाज आलम ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण केवल डिग्री प्राप्त करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार, संवेदनशील और कुशल शिक्षक बनने की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रशिक्षुओं को समर्पण, अनुशासन और निरंतर अध्ययन की भावना के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए।

प्रशिक्षण प्रभारी शशि भूषण आनंद ने प्रशिक्षण की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि सत्र के दौरान प्रशिक्षुओं को शैक्षणिक सिद्धांतों के साथ–साथ व्यावहारिक शिक्षण कौशल, कक्षा प्रबंधन, पाठ योजना निर्माण तथा नवाचार आधारित शिक्षण विधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे भविष्य में विद्यालयों में प्रभावी भूमिका निभा सकें।





इस अवसर पर वरीय व्याख्याता डॉ. पुष्कर कुमार, व्याख्याता मोहम्मद महफुज आलम, अर्चना नाथ, संगम भारती, ओमप्रकाश, डॉ. अनुप सिंह, अरविंद कुमार सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षुओं को सफल प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं दीं और संस्थान की शैक्षणिक परंपराओं से अवगत कराया।

कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण आरंभ करने का संकल्प लिया। सं. स्थान परिसर में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला।



## यूजीसी–नेट में सफलता पाने वाले छात्रों को कुलपति ने किया सम्मानित

**अनुमंडल संवाददाता, राजगीर, राजीव लोचन की रिपोर्ट। केशववाणी ।** राजगीर (नालंदा) नालंदा विश्वविद्यालय के 15 छात्रों ने दिसम्बर 2025 में हुए यूजीसी–नेट परीक्षा सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं शोध–उन्मुख वातावरण को प्रतिबिंबित करती है। सफल हुए छात्रों को कुलपति सचिन चतुर्वेदी ने सम्मानित किया और उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता नालंदा विश्वविद्यालय के सशक्त शैक्षणिक वातावरण और शोध–केन्द्रित दृष्टिकोण का परिणाम है। इन विद्यार्थियों की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। विश्वविद्यालय इन चयनित विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक एवं मार्गदर्शन संबंधी पहल करने की योजना बना रहा है, जिससे उनके शोध एवं अध्यापन कौशल को और अधिक निखारा जा सके।

**सफल छात्रों में ये लोग हैं शामिल –**
अर्का मुखर्जीदृस्कूल ऑफ इकॉलॉजी एंड एनवायरनमेंट स्टडीज, श्रुति सुहानीदृस्कूल ऑफ लैंग्वेजेज एंड लिटरेचर/ह्यूमैनिटीज, बिनम्र देबदृस्कूल ऑफ लैंग्वेजेज एंड लिटरेचर/ह्यूमैनिटीज, जोएल गुहादृस्कूल ऑफ लैंग्वेजेज एंड लिटरेचर/ह्यूमैनिटीज, शांभवी वर्दन. स्कूल ऑफ इकॉलॉजी एंड एनवायरनमेंट स्टडीज, अभिलाष त्रिपाठीदृस्कूल ऑफ इकॉलॉजी एंड एनवायरनमेंट स्टडीज, तियासा जेनादृपुरातत्व, स्कूल ऑफ हिस्टॉरिकल स्टडीज,सुयश बियालादृपुरातत्व, स्कूल ऑफ हिस्टॉरिकल स्टडीज, मो. शाहरुख खान. पुरातत्व स्कूल ऑफ हिस्टॉरिकल स्टडीज,आकांक्षा बसुमातरीदृस्कूल ऑफ हिस्टॉरिकल स्टडीज, जगताप प्रशांत जगन्नाथदृहिंदू स्टडीज, स्कूल ऑफ बौद्ध स्टडीज फिलॉसफी एंड कम्पेरेटिव रिलिजन्स, प्रगति प्रेरणादृहिंदू स्टडीज, स्कूल ऑफ बौद्ध स्टडीज, फिलॉसफी एंड कम्पेरेटिव रिलिजन्स, प्रदीप कुमार. स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, ऋचा शर्मादृस्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज,खुशी कोठारीदृस्कूल ऑफ बौद्ध स्टडीज, फिलॉसफी एंड कम्पेरेटिव रिलिजन्स।

## भ्रमण दर्शन योजना के तहत रोहतास व नालंदा के मत्स्यपालकों ने लिया प्रशिक्षण



**अनुमंडल संवाददाता, राजगीर, राजीव लोचन की रिपोर्ट केशववाणी । राजगीर (नालंदा)।** राज्य सरकार की भ्रमण दर्शन योजना के तहत बुधवार को रोहतास एवं नालंदा जिले के 60 मत्स्यपालक किसानों का दल नालंदा स्थित मोहनपुर मत्स्य हैचरी पहुंचा, जहां उन्हें आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। दल का नेतृत्व रोहतास के मत्स्य विकास पदाधिकारी चितरंजन तिवारी कर रहे थे।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों को मत्स्य पालन, मत्स्य बीज उत्पादन, मछलियों का रखरखाव, तालाब एवं नर्सरी की तैयारी, हैचरी प्रबंधन तथा कम जगह और कम लागत में अधिक उत्पादन के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।

मोहनपुर मत्स्य हैचरी के संचालक सह बिहार राज्य मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के निदेशक शिवनंदन प्रसाद उर्फ शिवजी ने बताया कि मत्स्य पालन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार फसलों की अच्छी वृद्धि के लिए जैविक व रासायनिक खाद का उपयोग आवश्यक होता है, उसी प्रकार तालाबों में भी समय–समय पर उचित मात्रा में खाद का प्रयोग करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन के लिए तालाब के पानी का पीएच मान लगभग 7.5 होना चाहिए। पानी की गुणवत्ता खराब होने पर मछलियों की वृद्धि प्रभावित होती है। इसके लिए प्रति एकड़ 40 से 50 किलोग्राम चूने का घोल बनाकर पूरे तालाब में छिड़काव करने की सलाह दी गई।मछलियों के आहार के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि कृत्रिम भोजन के रूप में सरसों व बादाम की खली, गेहूं का चोकर, चावल का ब्रान आदि का उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा बाजार से तैयार फीड भी दिया जा सकता है। मत्स्य बीज के वजन का लगभग 5 प्रतिशत भोजन देने से बेहतर उत्पादन प्राप्त होता है। सही प्रबंधन के साथ एक एकड़ तालाब से 2 से 2.5 हजार किलोग्राम तक मछली उत्पादन संभव है।

इस दौरान महिला एवं पुरुष मत्स्यपालक किसानों ने हैचरी का निरीक्षण कर तकनीकी जानकारी हासिल की। प्रशिक्षण में राकेश भारती, पूजा कुमारी, नीलम कुमारी, सुधीर कुमार, नीतू कुमारी, मनोज कुमार, अजय कुमार, कुणाल कुमार, अयोध्या प्रसाद, नीतीश कुमार, संस्कार कुमार, सोनाली वर्मा सहित अन्य किसान शामिल थे।

## पंप ऑपरेटर की बैठक : फील्ड टेस्ट किट की दी गयी जानकारी

**अनुमंडल संवाददाता, राजगीर, राजीव लोचन की रिपोर्ट। केशववाणी । राजगीर (नालंदा)।** राजगीर (नालंदा) – पीएचईडी परिसर में बुधवार को पंप ऑपरेटर की बैठक हुई। प्रशिक्षक दिवेश चन्द्र एवं मंगलम सिंह ने ऑपरेटरों को जागरूक किया। दिवेश चन्द्र ने पंप ऑपरेटरों को फील्ड टेस्ट किट के बारे में विस्तार से बताया और उनके बीच यह किट दी। इसका उपयोग
पानी में रसायनों व जीवाणुओं की उप. स्थिति की त्वरित जानकारी के लिए किया जायेगा। इससे प्रयोगशाला के बाहर पानी की गुणवत्ता जैसे– आर्से. निक, फ्लोराइड, पीएच, बैक्टीरिया या अन्य नमूनों की जांच की जा सकेगी। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में यह काफी उपयोगी होगी। हैंडपंप के अलावा आंगनबाड़ी, स्कूल, वार्ड स्तरीय



और सार्वजनिक तौर पर हर घर नल जल योजना में शामिल जलापूर्ति योजनाएं हैं। वहां एफटीके से जल जांच कराई जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कनीय शहरी अभियंता मिंटू कुमार ने की। इसमें बेन व राजगीर के पंप ऑपरेटर भाग लिए।



# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जिलेभर में एमडीए मेगा कैंप, 11 प्रखंडों में 544 बूथों पर दवा वितरण



शंकर कुमार सिन्हा की रिपोट **केशववाणी** । बिहारशरीफ (नालंदा)। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में 10 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को बाल विकास परियोजना की अगुवाई में जिले के चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्रों पर एमडीए (Mass Drug Administration) मेगा कैंप आयोजित कर बड़े पैमाने पर लाभार्थियों को दवा खिलाई गई।

अभियान के तहत 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी पात्र लाभार्थियों को प्रत्यक्ष पर्यवेक्षित औषधि सेवन (Directly Observed Treatment) के माध्यम से दवा दी जा रही है। इसके लिए प्रत्येक केंद्र पर विशेष बूथ बनाकर स्वास्थ्यकर्मियों की निगरानी में दवा सेवन कराया जा रहा है।

**11 प्रखंडों में 544 बूथ स्थापित**

जिले के 11 प्रखंडों में कुल 544 बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां लगभग 1 लाख 58 हजार 728 लाभार्थियों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान का शुभारंभ बिहारशरीफ सदर क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी आंगनबाड़ी केंद्र (कोड–49) और बबुरबन्ना, सोहसराय (कोड–7) से लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से किया गया। जीविका और आईसीडीएस की सक्रिय भागीदारी लाभार्थियों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जीविका समूह द्वारा जागरूकता एवं मोबिलाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। वहीं, आईसीडीएस की आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा केंद्रों पर कैंप आयोजित कर ऑनलाइन रिपोर्टिंग की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशा फैसिलिटेटर और आशा कार्यकर्ता बूथों पर मौजूद रहकर लोगों को दवा खिलाने में सहयोग कर रहे हैं।

**अधिकारी व कर्मी रहे मौजूद**

अभियान के दौरान प्रकाश कुमार पासवान (BPM), रजनी कुमारी (CC), सुषमा कुमारी, अर्चना सिंह, आशा कुमारी, नीरू कुमारी, शर्मिला देवी, सरिता देवी (सभी CRP), जीविका नालंदा की टीम सहित कई कर्मी उपस्थित रहे।इसके अलावा डॉ. जयप्रकाश सिंह (सिविल सर्जन), श्याम कुमार निर्मल (DPM), प्रमोद कुमार (स्वास्थ्य प्रबंधक), अर्चना कुमारी (DPO), रश्मि कुमारी (CDPO), सोनी कुमारी (महिला प्रवेक्षिका), डॉ. राम मोहन सहाय (जिला वेक्टर बॉर्न डिजीज नियंत्रण पदाधिकारी), वैजयंती कुमारी (सेविका), शबीला कुमारी (सहायिका), आशा कुमारी, मीना कुमारी, सोनी कुमारी एवं अशर्फी कुमारी सहित अन्य आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और निर्धारित दवा का सेवन कर जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने में सहयोग करें।



# हासनचक गांव के नवनिर्मित शिव मंदिर में २२ फरवरी से 7 दिवसीय भक्ति अनुष्ठान व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**राकेश कुमार /सुनील कुमार की रिपोर्ट केशववाणी** । हरनौत (नालंदा)। हरनौत प्रखंड क्षेत्र के डिहरी पंचायत अंतर्गत हासनचक गांव स्थित पासवान टोला में नव. निर्मित शिव मंदिर में 22 फरवरी से सात दिवसीय भक्ति अनुष्ठान एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर बुधवार को मंदिर परिसर में ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए वाल्मीकि पासवान ने बताया कि ग्रामवासियों के सहयोग से लगभग 7 लाख रुपये की लागत से शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पूजा–पाठ एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के साथ रुद्र महायज्ञ एवं संत मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के पहले दिन 22 फरवरी को गांव की कन्याओं एवं महिला श्रद्धालुओं द्वारा गाजे–बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार 23 फरवरी को पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश, 24 फरवरी को अरणी मंथन, 25 फरवरी को शिव परिवार नगर भ्रमण, 26 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा एवं अखंड कीर्तन तथा 28 फरवरी को यज्ञ की पूर्णाहुति एवं भंडारा आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा, भक्ति अनुष्ठान के दौरान हरनौत बाजार स्थित जीवन हेल्थ केयर अस्पताल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं दवा वितरण भी किया जाएगा। वहीं 15 फरवरी को एक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यकर्ता पप्पू पासवान ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए वाराणसी से शिव परिवार की प्रतिमा मंगाई गई है। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह का माहौल है और इसे सफल बनाने के लिए ग्राम. वासी तन–मन से जुटे हुए हैं।

# जीविका की ओर से एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

कुमार अभिषेक की रिपोर्ट केशववाणी । नगरनौसा (नालंदा)। नगरनौसा प्रखंड के दामोदरपुर बलधा पंचायत अंतर्गत बलधा गांव में बुधवार को जीविका की ओर से एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड परियोजना प्रबंधक अजय कुमार, पशुधन प्रबंधक राजीव रंजन एवं पशु चिकित्सक डॉ. शशि शंकर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।






शिविर में कुल 179 जीविका दीदियों के 291 पशुओं की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाइयां दी गईं। पशु चिकित्सक ने पशुपालकों को पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों से बचाव, टीकाकरण, पोषण और देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

प्रखंड परियोजना प्रबंधक अजय कुमार ने बताया कि ग्रामीण पशुपालकों की आय बढ़ाने और पशुओं को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से जीविका द्वारा इस प्रकार के शिविरों का नियमित आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने पशुपालकों को पशु आवास प्रबंधन, स्वच्छता और अन्य जरूरी गतिविधियों की जानकारी भी दी।

शिविर के दौरान पशुपालकों के बीच कृमिनाशक दवा, भूख बढ़ाने की दवा, मिनरल मिक्सचर सहित अन्य आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। साथ ही बीमार पशुओं का विशेष रूप से उपचार भी किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय समन्वयक पवन कुमार सिंह, सामुदायिक समन्वयक रेखा कुमारी एवं संध्या रानी, कार्यालय सहायक सत्येंद्र कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।






# दो दिन की पूर्णिमा के कारण बदली होली की तिथि २ मार्च की रात होलिका दहन, 4 को रंगों की होली

### 3 मार्च को स्नान–दान पूर्णिमा, भद्रा काल खत्म होने के बाद आधी रात 12:50 बजे होगा दहन



**केशववाणी** । बिहारशरीफ (नालंदा)। फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा इस वर्ष दो दिन पड़ने से होली के पर्व की तिथियों में बदलाव हुआ है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस बार होलिका दहन 2 मार्च की देर रात किया जाएगा, जबकि रंगों की होली 4 मार्च को मनाई जाएगी।

पूर्णिमा व्रत 2 मार्च (सोमवार) को रखा जाएगा और 3 मार्च (मंगलवार) को स्नान–दान की पूर्णिमा मनाई जाएगी।

**भद्रा काल के कारण बदला समय**

ज्योतिषाचार्य राकेश झा के मुताबिक 2 मार्च को शाम 5:18 बजे से भद्रा काल शुरू होकर 3 मार्च की सुबह 4:56 बजे तक रहेगा। शास्त्रों के अनुसार भद्रा के मुख में होलिका दहन वर्जित होता है, जबकि पूंछ काल में दहन शुभ माना जाता है।इसी कारण भद्रा पूंछ में रात्रि 12:50 बजे होलिका दहन किया जाएगा।

**शास्त्रीय नियमों का पालन**

होलिका दहन के लिए पूर्णिमा तिथि, भद्रा मुक्त काल और रात्रि का समय होना आवश्यक माना गया है। इस वर्ष पूर्णिमा तिथि और मघा नक्षत्र में दहन होगा। वहीं 3 मार्च को सूर्योदय कालीन पूर्णिमा में स्नान–दान और कुलदेवता को सिंदूर अर्पित करने की परंपरा निभाई जाएगी।

**पूजा की विधि**

होलिका पूजन के दौरान अक्षत, गंगाजल, रोली, चंदन, मौली, हल्दी, दीपक और मिष्ठान अर्पित किए जाते हैं। इसके बाद लकड़ी, उपले, आटा, गुड़, तिल, घी, धूप व गुग्गुल आदि डालकर सात बार परिक्रमा करने से परिवार में सुख–शांति, समृद्धि और नकारात्म. कता से मुक्ति मिलती है।

**फाल्गुन माह के प्रमुख पर्व**

फाल्गुन माह में कई महत्वपूर्ण पर्व मनाए जाएंगे। 13 फरवरी को विजया एकादशी, 15 15 फरवरी को महाशिवरात्रि, 27 फरवरी को आमलकी एकादशी व रंगभरी एकादशी, 28 फरवरी को गोविंद द्वादशी, 2 मार्च को होलिका दहन और 4 मार्च को होली मनाई जाएगी।

**रंगों का भी है विशेष महत्व**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होली के रंगों का भी खास महत्व है। लाल रंग ऊर्जा और साहस, पीला आध्यात्मिक तेज, नारंगी ज्ञान व उत्साह, नीला शांति, हरा समृद्धि, बैंगनी संतुलन और गुलाबी प्रेम व आनंद का प्रतीक माना जाता है।



# पर्यटकों से करें बेहतर व्यवहार टमटम चालक : अध्यक्ष

**अनुमंडल संवाददाता, राजगीर, रजीव लोचन की रिपोर्ट केशववाणी** | राजगीर (नालंदा)। मेला थाना परिसर में बुधवार को टमटम यूनियन संघ सह अनुदानित रिक्शा चालक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने की।

अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि राजगीर में टमटम यूनियन काफी मजबूत और संगठित है, जिसका श्रेय पूर्व पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों को जाता है। उन्होंने कहा कि टमटम की परंपरा को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। चालकों को चाहिए कि वे पर्यटकों के साथ शिष्ट एवं सौम्य व्यवहार करें तथा उन्हें बेहतर सेवा प्रदान करें।. उन्होंने यह भी अपील की कि सभी चालक प्रशासन और पुलिस का सहयोग करें, ताकि शहर की छवि बेहतर बने और पर्यटन को बढ़ावा मिल सके।

बैठक में उपाध्यक्ष शिवालिक यादव, पूर्व सचिव मुन्नीलाल राजवंशी, पूर्व उपसचिव मनोज कुमार, कैलाश मुखिया, गूगल राजवंशी, तेगा यादव, विजय यादव, पंकज पासवान, लवकुश कुमार, शंकर राजवंशी, योगेंद्र यादव, मिथिलेश राम, मुन्ना चौधरी, विनोद राम, राजो चौधरी, किशोरी रविदास सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# अंत्योदय एवं भारतीय राष्ट्रवाद के मार्गदर्शक थे दीनदयाल - अरविंद पटेल

## समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

**गुड्डू कुमार की रिपोर्ट केशववाणी** । बिहारशरीफ (नालंदा)। बिहारशरीफ के बबुरब. न्ना स्थित देवनारायण भवन में बुधवार की देर शाम भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार ने की। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।




अध्यक्षीय संबोधन में संदीप कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक विकास की रोशनी पहुंचाने की परिकल्पना पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने की थी। भाजपा आज भी उनके सिद्धांतों और आदर्शों पर चलकर कार्य कर रही है। वे हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं।

मुख्य वक्ता एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और कुशल संगठनकर्ता थे। उन्होंने 'अंत्योदय' और 'एकात्म मानववाद' का दर्शन देकर भारतीय रा. जनीति को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि यदि देश में एकता और समरसता कायम रखनी है तो भारतीय राष्ट्रवाद की भावना को समझना आवश्यक है। उन्होंने उपाध्याय जी के जीवन और उनके योगदान को विस्तार से याद करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है।

भाजपा नालंदा जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात कर 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। जनधन योजना, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं अंत्योदय की सोच पर आधारित हैं।

भाजपा आईटी सेल संयोजक अमित शान ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय असाधारण प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व थे। उन्होंने पूंजीवाद, साम्यवाद और समाजवाद के बीच 'एकात्म मानववाद' का विकल्प प्रस्तुत किया, जो आज भी प्रासंगिक है। भाजपा शुचिता, पारदर्शिता और जनसेवा के सिद्धांतों पर आगे बढ़ रही है।

कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति एवं जनजाति महानगर अध्यक्ष कमल प्रभाकर, साहित्यकार राकेश बिहारी शर्मा, ओबीसी उत्तरी नगर अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद शर्मा, नगर महामंत्री मोनू कुमार, मनोज कुमार, रामजतन आर्या, अजीत कुमार, सरवन कुमार, राजदीप कुमार, संजय कुमार, सर्वोत्तम कुमार, शशि कुमार, वीरेंद्र चौधरी, राजेश कुशवाहा, बबलू कुमार, तुषार कुमार, सतपाल शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 17 सूत्री मांगों के समर्थन में राजस्व कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, इस्लामपुर अंचल का कामकाज ठप

**अमर वर्मा की रिपोर्ट केशववाणी** | इस्लामपुर (नालंदा)। बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर सत्रह सूत्री पुरानी मांगों के समर्थन में इस्लामपुर अंचल के सभी राजस्व कर्मचारी बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। हड़ताल के कारण अंचल कार्यालय का सरकारी कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विभिन्न कार्यों के लिए दूर–दराज से ग पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों को बिना काम कराए वापस लौटना पड़ा। कार्यालय परिसर में दिनभर अफरातफरी का माहौल बना रहा।हड़ताल पर शामिल कर्मचारियों में सोनू कुमार, मंजय कुमार, महताब हाशमी, मृत्युंजय कुमार, रवि कुमार रंजन, शैलेश कुमार एवं राकेश कुमार सहित अन्य कर्मी शामिल हैं। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक उनकी लंबित मांगों पर सरकार सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।


# 12 फरवरी को देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में निकलेगा जुलूस

**प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट केशववाणी** | बिहारशरीफ (नालंदा)। देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में 12 फरवरी 2026 को भाकपा माले, ऐक्टू, खेग्रामस, किसान महासभा, ऐपवा एवं इनौश के बैनर तले जिला मुख्यालय में जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस दिन के 11 बजे कमरुद्दीन गंज स्थित पार्टी जिला कार्यालय से प्रारंभ होगा।

कार्यक्रम को लेकर जिला मुख्यालय से सटे प्रखंडोंकृबिहारशरीफ ग्रामीण, रहुई, अस्थावां, हरनौत, नूरसराय, सिलाव, राजगीर, गिरियक, कतरीसराय एवं बेनकृके कार्यकर्ताओं से समय पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

संगठन की ओर से कहा गया कि हाल ही में 10 फरवरी को आयोजित ऐपवा–आइसा के विधानसभा मार्च कार्यक्रम में कुछ जिला कमेटी सदस्यों द्वारा अपेक्षित भागीदारी सुनिश्चित नहीं की जा सकी, विशेषकर महिलाओं की उपस्थिति कम रही। इसे संगठनात्मक निर्णयों के क्रियान्वयन में लापरवाही बताया गया।

नेताओं ने सभी साथियों से आह्वान किया कि भविष्य में ऐसी निष्क्रियता से बचें और पार्टी कार्यक्रमों को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि संगठन और मजबूत हो सके।



# भाजपा जिला कार्यालय में दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

केशववाणी बिहारशरीफ (संवाददाता)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि भारतीय जनता पार्टी, नालंदा जिला इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश कुमार के नेतृत्व में जिला कार्यालय में 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम में भाजपा नेता शशिभूषण सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके बताए मार्ग पर चलकर देशसेवा का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि शशिभूषण सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक दूरदर्शी मनीषी थे, जिन्होंने देश को पूंजीवाद और साम्यवाद के द्वंद्व से निकालकर 'एकात्म मानववाद' का विकल्प दिया। उन्होंने कहा कि आज भारत जिस सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, उसमें दीनदयाल जी के विचारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। 'अंत्योदय' यानी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का कल्याण ही विकास का वास्तविक पैमाना है, जिसे केंद्र सरकार धरातल पर उतार रही है। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को सत्ता नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम बनाया। वे भाजपा के विशाल संगठन के निर्माणकर्ता थे, जिसकी छांव में आज




करोड़ों कार्यकर्ता राष्ट्रसेवा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही उज्ज्वला, आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं 'अंत्योदय' की अवधारणा को साकार कर रही हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक कार्यों में समयबद्धता, अनुशासन और समर्पण की भावना के साथ सक्रिय रहने का आह्वान करते हुए कहा कि यही पंडित दीनदयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने किया। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेश्वर प्रसाद सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश जी, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, डॉ. आशुतोष कुमार, तेजस्विता राधा, नीरज कुमार (डब्ल्यू), जिला मंत्री योगेंद्र कुमार मंडल, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास कुमार, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विकास कुमार, एससी मोर्चा अध्यक्ष मणिकांत पासवान, मंडल महामंत्री चुनचुन कुमारी, महादलित प्रकोष्ठ संयोजक बबीता कुमारी, आईटी सेल संयोजक अमित शान, पुनीता कुमारी, रिंकी कुमारी उर्फ रुचि श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# थरथरी प्रखंड में बाल संरक्षण इकाई के पुनर्गठन को लेकर बैठक आयोजित

जैलेद्र कुमार की रिपोर्ट केशववाणी थरथरी(नालंदा)। थरथरी प्रखंड अंतर्गत प्रखंड के पुरानी अस्पताल भवन में बाल संरक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बाल संरक्षण इकाई चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट के पुनर्गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तर पर बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत करना तथा पंचायत स्तर तक इसके प्रभावी क्रियान्वयन की ठोस रूपरेखा तैयार करना था। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी गौरी कुमारी ने की। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रश्मि कुमारी, एमओआईसी थरथरी, आनन्द मोहन मुखिया प्रतिनिधि कचहरिया पंचायत के मुखिया शैलेन्द्र कुमार सहित स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी सेविकाएं, किशोरी समूह की सदस्याएं एवं अन्य संबंधित हितधारक उपस्थित रहे। पिरामल फाउंडेशन की ओर से प्रोग्राम लीडर नीरू कुमारी, गांधी फेलो ईश्वर पाल, शिक्षा प्रेमी रामनंदन शर्मा एवं दिनेश शर्मा ने बैठक में सहभ. ागिता की। वहीं विद्यालय स्तर से प्रधानाध्यापिका रेखा कुमारी बाल प्रतिनिधियों के साथ बैठक में शामिल हुई।बैठक के दौरान दो किशोर बालिकाओं ने भी अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए, जिन्हें सभी प्रतिभागियों ने गंभीरता से सुना। उपस्थित सदस्यों को बाल संरक्षण इकाई की संरचना, उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई तथा परिवार एवं समाज स्तर पर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। बैठक में बाल विवाह, बाल मजदूरी, विद्यालय छोड़ने की समस्या ड्रॉपआउट एवं बाल तस्करी जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी गौरी कुमारी ने बाल मजदूरी उन्मूलन, बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने को समय की आवश्यकता बताया।

बैठक के अंत में पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण इकाई के गठन को लेकर सर्वसम्मति से सहमति बनी तथा शीघ्र ही प्रखंड की सभी पंचायतों में इसके गठन की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।

# नालंदा में पूर्व मुखिया के बंद घर से चोरी

केशववाणी आस्थावा,नालंदा। जिले के अस्थावां थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरपुर गांव में चोरों ने पूर्व मुखिया के बंद घर को निशाना बनाते हुए जेवरात और नकदी की चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार, महमदपुर पंचायत के पूर्व मुखिया स्वर्गीय अनिल कुमार के पैतृक घर में चोरी की यह वारदात हुई है। पूर्व मुखिया के पुत्र अविनाश कुमार ने बताया कि 30 जनवरी को उनके पिता की पुण्यतिथि थी। इस मौके पर पूरा परिवार 29 जनवरी को गांव आया था। 31 जनवरी को पूजा–पाठ के बाद दोपहर करीब एक बजे सभी लोग बिहारशरीफ स्थित अपने आवास लौट गए, जिससे घर खाली हो गया। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और चोरी के बाद अपना नया ताला लगा दिया, ताकि किसी को शक न हो। हालांकि भागने के दौरान वे छत का दरवाजा खुला छोड़ गए। इसे देखकर ग्रामीणों को संदेह हुआ और परिवार को सूचना दी गई। परिवार की सदस्य रीना सिन्हा और अनुराधा कुमारी ने बताया कि गोदरेज अलमारी तोड़कर जेवरात और कीमती सामान चोरी कर लिया गया। पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि सूचना मिलते ही अस्थावां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। संदिग्धों की तलाश में छापेमारी जारी है और जल्द ही मामले के खुलासे का दावा किया गया है।

थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही दोषियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# थ्रेसर चोरी कांड का खुलासा, शेखपुरा से बरामदगी, एक गिरफ्तार

रानी सिन्हा की रिपोट 'केशववाणी नूरसराय (नालंदा)। नूरसराय थाना पुलिस ने चोरी हुए थ्रेसर को बरामद करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई शेखपुरा जिले के शेखोपुर सराय थाना क्षेत्र में छापेमारी कर की।

थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि परिऔना के समीप देव इंजीनियरिंग के पास खड़ा एक थ्रेसर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर चोरी में शामिल लोगों की पहचान की।

इसके बाद शेखपुरा जिले के शेखोपुर सराय थाना क्षेत्र में छापेमारी कर चोरी किए गए थ्रेसर को बरामद कर लिया गया। साथ ही जिस ट्रैक्टर से थ्रेसर को चोरी कर ले जाया गया था, उसे भी पुलिस ने जब्त कर लिया।

इस मामले में नूरसराय थाना क्षेत्र के भंगवल बिगहा गांव निवासी भरत प्रसाद के पुत्र सूरज कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस अन्य संलिप्त आरोपितों की तलाश में जुटी है।

# नालंदा में सड़क हादसे में छात्रा की दर्दनाक मौत, ट्यूशन पढ़कर साइकिल से घर लौट रही थी, ट्रक ने कुचला

## मुआवजा व कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया रोड जाम

केशववाणी अस्थावां (नालंदा), संवाददाता। नालंदा जिले के अस्थावां थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूली छात्रा की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर बिहारशरीफ–बरबीघा मुख्य मार्ग जाम कर दिया, जिससे दा. `नों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन बाधित हो गया।

मृतका की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के चिश्तिपुर गांव निवासी उपेंद्र बिंद की 15 वर्षीय पुत्री चांदनी कुमारी के रूप में की गई है। वह कक्षा 10 की छात्रा थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदनी अस्थावां बाजार से ट्यूशन पढ़कर साइकिल से अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान सोईवापर गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया। हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया।

बताया जाता है कि चांदनी अपने परिवार में दो भाई और दो बहनों में सबसे बड़ी थी। उसकी असमय मौत से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम का माहौल है।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मुख्य सड़क पर शव रखकर जाम कर दिया। आक्रोशित लोग पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा तथा दोषी वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। करीब दो घंटे तक सड़क जाम रहने से यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा।

अस्थावां थाना अध्यक्ष ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने–बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। अज्ञात वाहन की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। सरकारी प्रावधान के अनुसार पीड़ित परिवार को सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

# नालंदा में ट्रेन से कटकर महिला की मौत, दवा लेने घर से निकली थी

रानी सिन्हा की रिपोट केशववाणी नालंदा (बिहारशरीफ)। राजगीर–बख्तियारपुर रेलखंड के नालंदा स्टेशन के पास बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान बेन थाना क्षेत्र के सिद्धि बीघा गांव निवासी कपिंद्र प्रसाद की पत्नी सुजाता देवी (44 वर्ष) के रूप में की गई है।

परिजनों के अनुसार सुजाता देवी दवा लाने के लिए घर से निकली थीं और बख्तियारपुर जाने हेतु नालंदा स्टेशन से ट्रेन पकड़ने पहुंची थीं। इसी दौरान राजगीरदृपटना फास्ट पैसेंजर ट्रेन पर चढ़ते समय उनका पैर फिसल गया और वे पटरी पर गिर गईं। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

मृतका के ननद के पति सुभाष ने बताया कि हादसे की सूचना रेल पुलिस द्वारा परिवार को दी गई। खबर मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, जहां शव को देख परिवार में कोहराम मच गया।

घटना की जानकारी मिलते ही बिहार शरीफ रेल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया।

रेल थाना अध्यक्ष संजय पंडित ने बताया कि प्रथम दृष्टया ट्रेन पर चढ़ने के दौरान फिसलकर गिरने से हादसा हुआ है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

